परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
Atomic Energy Education Society

टर्म-1 /Term-I Examination 2025-26

कक्षा / Class : III / तीसरी **अवधि / Duration :** 3 घंटे

विषय / Subject : HINDI /हिंदी **अधिकतम अंक / Maximum Marks :** 80

विद्यार्थी द्वारा भरा जाए / To be filled by the Student

अद्वितीय परीक्षा क्रमांक / Unique Examination No: _____

कक्षा / अनुभाग Class /Sec.: _____ दिनांक / Date: _____

परीक्षा का दिन / Day of Examination: _____

विद्यालय का नाम / Name of the School: _____

हस्ताक्षर निरीक्षक (दिनांक सहित) / Invigilator's Sign. (With date): _____

अध्यापकों द्वारा भरा जाए / To be filled by the Teachers

प्राप्तांक / Marks Obtained ☐ पूर्णांक / Total Marks ☐

हस्ताक्षर परीक्षक (दिनांक सहित)/Examiner's Sign. (With date):_____

हस्ताक्षर जाँचकर्ता (दिनांक सहित)/Cross Checker's Sign. (With date):_____

हस्ताक्षर परीक्षा प्रभारी (दिनांक सहित)/Exam I/C Sign.(With date): _____

सामान्य निर्देश / General Instructions:

1) सभी प्रश्न करना अनिवार्य है ।
2) सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ।
3) प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं ।
4) स्वच्छता एवं सुन्दर लेख का विशेष ध्यान रखें ।

(पठन क्षमता पर आधारित प्रश्न- 20 अंक)

प्रश्न 1- निम्नलिखित पठित अनुच्छेद को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

गर्मियों के दिन थे | सौरभ के चाचाजी ने अपने बगीचे के एक टोकरी आम भेजे | आम बहुत मीठे थे | सौरभ को आम बहुत अच्छे लगे | उसने सोचा - ऐसे ही आम मैं अपने बगीचे में लगाऊँगा | उसने बगीचे में एक जगह थोड़ी मिट्टी खोदी | वहाँ आम की एक गुठली डाल दी | गुठली पर मिट्टी डालकर उसने थोड़ा पानी छिड़क दिया |

क.सौरभ के चाचाजी ने क्या भेजा ? **(1)**

ख.सौरभ को आम कैसे लगे ? **(1)**

ग.सौरभ ने गुठली पर क्या छिड़का ? **(1)**

घ. अनुच्छेद में से ढूँढ़कर उत्तर लिखिए |

i. विलोम शब्द लिखो | **(1)**

रात x ----------

ii. वचन बदलो | **(1)**

बगीचा - ----------

प्रश्न 2 - निम्नलिखित पठित अनुच्छेद को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

अकबर के दरबार में अनेक विद्वान् थे | बीरबल उन्हीं में से एक थे | वे अपनी चतुराई के लिए बड़े प्रसिद्ध थे | अपनी चतुराई से वे बादशाह को भी हरा देते थे | अकबर और बीरबल के बारे में अनेक कहानियाँ प्रसिद्ध हैं | लोग बड़े चाव से सुनते - सुनाते हैं | एक बार की बात है | सर्दी के दिन थे |

क.अकबर के दरबार में कितने विद्वान् थे ? **(1)**

ख.बीरबल किस बात के लिए प्रसिद्ध थे ? **(1)**

ग.किसके बारे में अनेक कहानियाँ प्रसिद्ध है ? **(1)**

घ.ऊपर दिए अनुच्छेद में से उत्तर ढूँढ़कर लिखो |

i.वचन बदलो | **(1)**

कहानी - ----------

ii.विलोम शब्द लिखो | **(1)**

एक x ----------

प्रश्न 3.निम्नलिखित अपठित अनुच्छेद को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

दो दोस्त जंगल से जा रहे थे | अचानक एक भालू आ गया | एक दोस्त जल्दी पेड़ पर चढ़ गया | दूसरा नीचे रह गया और डर से ज़मीन पर लेट गया | उसने सुन रखा था कि भालू मरे हुए इंसान को नहीं छूता | भालू आया , उसे सूँघा और चला गया | पेड़ से उतरकर पहला दोस्त बोला , " भालू ने तुम्हारे कान में क्या कहा ?" दूसरे ने कहा ," उसने कहा कि जो मुसीबत में साथ न दे , उसे दोस्त मत बनाओ |" इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि सच्चा दोस्त वही होता है जो मुसीबत में काम आए |

क.उचित उत्तर पर सही का निशान लगाओ |

i. दो दोस्त कहाँ से जा रहे थे? **(1)**

1. बाज़ार 2. जंगल 3. स्कूल

ii. जब भालू आया तो पहले दोस्त ने क्या किया? **(1)**

1. पेड़ पर चढ़ गया 2. रोने लगा 3. ज़मीन पर लेट गया

iii. भालू आया तो उसने क्या किया? **(1)**

1.सूँघा और चला गया 2.काट लिया 3.उठा लिया

iv. दूसरे दोस्त ने क्या किया? **(1)**

1. भालू से लड़ने लगा 2. डर गया 3. ज़मीन पर लेट गया

v. इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है? **(1)**

1.सच्चा दोस्त वही होता है जो मुसीबत में साथ दे |

2.लालच नहीं करना चाहिए |

3.डरना चाहिए |

ख.सही कथन पर (√)और गलत कथन पर (x) का निशान लगाइए | **(3)**

i.भालू को देखकर दोनों दोस्त पेड़ पर चढ़ गए | ( )

ii.दूसरा दोस्त ज़मीन पर लेट गया और साँस रोक ली | ( )

iii.भालू मरे इंसान को खा जाता है | ( )

ग. ऊपर दिए अनुच्छेद में से उत्तर ढूँढ़कर लिखो | **(2)**

i. नीचे दिए शब्द का समान अर्थ क्या होगा ?

क.मित्र - ----------

ii.विलोम शब्द लिखो |

क.ऊपर x ----------

(पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न -10 अंक)

प्रश्न 4 - उचित उत्तर पर सही का निशान लगाइए |

क.सूरज की किरणों से हमें क्या सीखना चाहिए ? **(1)**

जगना और जगाना / हँसना और हँसाना

ख. तालाब की मछलियाँ कौन चट कर गया ? **(1)**

कछुआ / मगरमच्छ

ग. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

i.पाठ के आधार पर गुवाहाटी के बारे में लिखिए ? (कोई दो वाक्य) (2)

---

ii.आपको कौन - कौन से खेल खेलना पसंद हैं ? (2)

---

iii. रूपम ने किसे पत्र लिखा और उसमें क्या लिखा है? (2)

---

iv .आपने चींटी के अतरिक्त और कौन-कौन से श्रम करने वाले जीव देखे हैं? (2)

रचनात्मक लेखन (10 अंक)

प्रश्न 5 क. चित्र को ध्यान से देखकर उसके बारे में पाँच वाक्य लिखिए | **(5)**

ख. किसी एक विषय पर पाँच वाक्य लिखिए | **(5)**

कछुआ / चींटी

व्याकरण (15 अंक)

प्रश्न 6-क. शब्दों की तुकबंदी करो | **(2)**

उदाहरण- दाना - गाना

i. कड़ी - ---------- ii. धूप - ----------

ख. नीचे लिखे विपरीत अर्थ वाले शब्दों का मिलान कीजिए - **(2)**

दूर	नीची
ऊँची	निकट
रोना	गर्म
ठंडा	हँसना

ग. नीचे दिए गए शब्दों का वचन बदलिए | **(2)**

उदाहरण - लड़का - लड़के

i. तिनका - ---------- ii. दाना - ----------

घ.नीचे दिए शब्द का पर्यायवाची (समान अर्थ) लिखो | **(2)**

i.फूल - ---------- ----------

ङ. दिए गए शब्दों का लिंग बदलिए - **(1)**

उदाहरण - लड़का - लड़की

i.चाचा - ----------

च. नीचे दिए गए शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द लिखो | **(2)**

उदाहरण - मीठे आम

I. ---------- पौधा ii. ---------- बहन

छ. दिए गए नाम वाले और काम वाले शब्दों को छाँटकर उचित स्थान पर लिखिए| **(4)**

(खोदना , चाचाजी , सौरभ , भेजना)

नाम वाले शब्द	**काम वाले शब्द**

शब्दावली (10 अंक)

प्रश्न 7- नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(2)**

क. चार पैर वाले जानवरों के नाम लिखो |

---------- ----------

ख. किसने किससे कहा ? **(2)**

वाक्य	**किसने कहा**	**किससे कहा**
तुम इतनी सर्दी में सारी रात पानी में कैसे खड़े रहे ?”	----------	----------

ग. वर्ग पहेली में से खाने की वस्तुएँ ढूँढ़कर उन पर गोला लगाओ | **(2)**

स	श्र	व	ड़ा	खा
मो	प्र	ढो	क	ला
सा	रि	क्ष	ल	ड्डू
त्र	ज	ले	बी	ह

घ. सौरभ और प्रिया ने फल, साग और अनाज के नामों की सूची बनाई है | आइए , सही टोकरी में सही वस्तु रखते हैं - **(3)**

(आम , गेहूँ , ककड़ी , गाजर , सेब , चावल)

फल की टोकरी

अनाज की टोकरी



साग की टोकरी

ङ. जल में रहने वाले एक जीव का नाम लिखो | **(1)**

वर्तनी (10 अंक)

प्रश्न 8-नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

क. नीचे दिए गए शुद्ध शब्दों पर गोला लगाइए | **(2)**

i. मगर्मच्छ मगरमच्छ मागरमच्छ

ii. उतरखंड उत्तरखंड उत्तराखंड

ख. नीचे दिए गए शब्दों के क्रम बदलकर सार्थक शब्द बनाइए | **(2)**

i. लो / गी / त / क - ----------

ii. गी / ब / चा - ----------

ग. शब्दों के क्रम को सही करके शुद्ध वाक्य बनाकर लिखिए | **(2)**

i. जूते / बनाता / मेंढक / था |

---

ii. मगरमच्छ / गया / मर |

घ. नीचे लिखे वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए | **(2)**

i. लड़की गाना गाता है |

---

ii. बच्चे प्रार्थना गा रहा हैं |

ङ. बेमेल शब्दों पर गोला लगाओ | **(2)**

i. धूप वर्षा बरसात

ii. मछली मगरमच्छ घोड़ा

सुलेख (5 अंक)

प्रश्न 9- नीचे लिखे अनुच्छेद को सुन्दर अक्षरों में लिखिए | **(5)**

एक किसान अपना खेत जोत रहा था | अचानक कहीं से एक भालू आ गया | भालू किसान को मारने झपटा | किसान ने कहा , " मुझे क्यों मारते हो ? उपज होने दो , जो कहोगे ,वही खिलाऊँगा |" भालू ने कहा, "भूमि के ऊपर की उपज मेरी और नीचे की तुम्हारी रहेगी |" किसान ने आलू बो दिए | उपज हुई तो भालू को पत्ते खाने को मिले | भालू चिढ़कर रह गया |